पुलिसकर्मी कोरोना जागरूकता रैली निकालते हुए।



# हमारा दून

# देश का सबसे लम्बा भारी वाहन झूला पुल है डोबरा–चांठी

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम आवास कूच कर रहे स्वयंसेवियों को पुलिस ने रोका

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून के शिक्षित छात्रों के संगठन मेकिंग अ डिफरेंस बाय बींग द डिफरेंस (मैड) द्वारा उत्तराखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जैव विविधता परेड का आयोजन किया गया। कोरोना की स्थिति, मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग के मापदंडों का पालन करते हुये यह परेड बेहल चौक से शूरू होकर मुख्यमंत्री आवास तक कूच करने निकली तो पुलिस प्रशासन द्वारा पर्यावरण प्रेमीयों को सर्वे आफ इंडिया पर तीखी नोकझोंक के बाद रोक दिया गया। इस आयोजन में देहरादून की समस्त पर्यावरण प्रेमी संस्थाओं जैसे तारा फाउंडेशन,एस एफ आई, कृषिवन दून आदि ने भागीदारी की।

### राज्य आंदोलनकारियो का भाजपा गद्दी छोड़ो आंदोलन 10 नवंबर सेः धीरेन्द्र प्रताप

**संवाददाता** देहरादून। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी सयुंक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक धीरेन्द्र प्रताप ने ऐलान किया है कि उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन कारी आगामी 10 नवंबर को हरिद्वार में गंगा तट पर लोटे में नमक डालकर शपथ लेंगे कि वे अब भाजपा सरकार को चैन से नहीं बैठने देंगे। स्वर्गीय जेपी पांडे की याद में आहूत सम्मेलन में भाजपा गद्दी छोड़ो अभियान का संकल्प लिया जाएगा। कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बात करते हुए धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों की 8 सूत्री मांगों पर 30 अक्टूबर को देहरादून के गांधी पार्क में आंदोलनकारियों ने यह कसम खाई थी यदि 10 दिन में उनकी मांगे ना मानी गई 10 नवंबर से राज्य में आन्दोलनकारी सड़कों पर आ जाएंगे।

### उत्तरांचल प्रेस क्लब में हषोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली महोत्सव

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल प्रेस क्लब, देहरादून में दीपावली महोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में शामिल सभी अतिथीयों का फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत प्रेस क्लब के पत्रकारों द्वारा किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि दीपावली पर्व हर्षोल्लास व एकता को दर्शाने वाला पर्व है। सभी को मिलजुल कर खुशीयों को बांटना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब, देहरादून सामाजिक गतिविधियों को वर्ष भर संचालित रखता है। समाज में समरसता का संदेश देने का काम प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि दीपावली दीपों का पर्व है। सभी को अपने मनमुटाव भुलाकर दीपों के पर्व को हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी।

## लोकार्पण

■टिहरी झील में बने 725 मी. लम्बे बहुप्रतीक्षित इस झूला पुल की लागत है 2.96 करोड़

■मुख्यमंत्री ने किया डोबरा–चांठी पुल का लोकार्पण

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने रविवार को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर टिहरी में बहुप्रतीक्षित डोबरा–चांठी पुल का लोकार्पण कर टिहरी वासियों को बड़ी सौगात दी है। पुल का लोकार्पण करते हुए मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि 2 करोड़ 95 लाख 92 हजार लागत के 725 मी लम्बे इस भारी वाहन झूला पुल की क्षेत्रवासी पिछले 14 वर्षों से इंतजार में थे पुल पर आवाजाही शुरू होने से अब आवागमन सुविधाजनक होने के साथ ही समय की बचत होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कुल 4 अरब 73 करोड़ 8 लाख 56 हजार की विभिन्न 60 योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया। जिसमें 3 अरब 7 करोड़ 83 लाख लागत की 30 योजनाओं का लोकार्पण



डोबरा–चांठी पुल के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान सीएम व अन्य।

तथा 1 अरब 2 करोड़ 25 लाख की 30 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। लोकार्पण की गई योजनाओं में 9 योजनायें लोनिवि, 7 पीएमजीएसवाई, 10 शिक्षा विभाग, 2 पर्यटन एवं 1–1आयुर्वेदिक व क्रीड़ा विभाग से संबंधित है जबकि शिलान्यास योजनाओं में 7 लोनिवि, 20 पीएमजीएसवाई, 1 पर्यटन, 1 शिक्षा व 1 उद्यान विभाग से संबंधित है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने राजकीय इंटर कालेज मजफ के प्रान्तीकरण की भी घोषणा की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रताप नगर की जनता ने देश हित में बहुत बड़ा योगदान दिया है जिससे पूर्वी उत्तर प्रदेश तक सिंचाई की उपलब्धता एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति संभव हो सकी है। उन्होंने प्रताप नगर की जनता से पुल निर्माण में देरी के लिए खेद व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार ने इस पुल के निर्माण में तेजी लाये जाने के लिये एकमुश्त 88 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की जिसके कारण पुल का निर्माण समय से पूरा हो पाया है। उन्होंने कहा कि आज प्रताप नगर की जनता के लिए विकास का दरवाजा खुल चुका है वहीं यह पुल क्षेत्रीय जनता एवं आने वाली भावी पीढ़ियों के लिए खुशहाली एवं समृद्धि का स्रोत बनेगा।

डोबरा–चांठी पुल के बनने से यह क्षेत्र पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र होगा। जिससे क्षेत्र में जनता की आर्थिकी में भी सुधार होगा वहीं आवागमन में समय और धन की भी बचत होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सुशासन व भ्रष्टाचार मुक्त विकास एवं प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त किया जाना सरकार की प्राथमिकता बताया।

कार्यक्रम में कृषि मंत्री सुबोध उनियाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण, विधायक विजय सिंह पंवार, धन सिंह नेगी, शक्ति लाल शाह, राज्यमंत्री अब्बल सिंह बिष्ट, रोशन लाल सेमवाल, महावीर रांगड़, जिलाधिकारी इवा आशीष, विभिन्न ब्लाकों के ब्लाक प्रमुखों के साथ ही अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित थी।

### आर्थिक समृद्धि की राह भी प्रशस्त होगीः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि 42 किलोमीटर लंबी टिहरी झील पूरी दुनिया को आकर्षित करने की क्षमता रखती है। टिहरी झील साहसिक पर्यटन का भी केन्द्र बनेगी तथा इसके आस पास अनेक पर्यटन गतिविधियों की शुरूआत होगी इससे पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा मिलने के साथ ही आर्थिक समृद्धि की राह भी प्रशस्त होगी।

# व्यावहारिक औद्योगिक नीति से उत्तराखंड में आ रहा है भारी निवेश

## चर्चा

■ पिछले 20 साल में उत्तराखंड में काफी विकास हुआः सीएम

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा है कि उनकी सरकार की व्यावहारिक औद्योगिक नीति की वजह से राज्य में बड़ी मात्रा में निवेश आ रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि निवेश का प्रवाह आगे भी निर्बाध जारी रहेगा।

सीएम ने कहा कि उत्तरखंड को एक रोमांचक तथा स्वास्थ्य या सेहत से जुड़े पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनाना चाहते हैं। उन्होंने राज्य से आबादी का पलायन को रोकने के लिए अपनी सरकार द्वारा रोजगार सृजन और स्व–रोजगार से जुड़े अवसरों से संबंधित कई योजनाओं की भी चर्चा की। रावत ने कहा, कि ''पिछले 20 साल में उत्तराखंड में काफी विकास हुआ है, लेकिन अभी काफी कुछ किए जाने की जरूरत है। मौजूदा भाजपा सरकार राज्य के चौतरफा विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि उत्तराखंड हमेशा देश का सबसे तेजी से आगे बढ़ता राज्य बना रहेगा।'' तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में वर्ष 2000 में उत्तराखंड अलग राज्य बना था। सोमवार को उत्तराखंड का 21वां स्थापना दिवस है। रावत ने राज्य के विकास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के समर्थन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में एक लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को शुरू किया गया है। इन परियोजनाओं में 16,216 करोड़ रुपये की ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना, 12,500 करोड़ रुपये की सभी मौसम में चालू रहने वाली सड़क परियोजना और 1,370 करोड़ रुपये की नमामि गंगे परियोजना शामिल है।''उन्होंने कहा, ''इन सब कार्यों के साथ एक तरफ श्रद्धालुओं के लिए चार धाम की यात्रा सुगम होगी, वहीं ये सभी योजनाएं उत्तराखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान जारी रहेगाः सीएम

सीएम ने कहा कि ''मैं भरोसा दिलाता हूं कि भ्रष्टाचार में शामिल किसी अधिकारी या व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। भ्रष्टाचार दीमक की तरह व्यवस्था को खोखला कर देता है। अभी तक 250 से अधिक लोगों पर कार्रवाई की गई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।''कोरोना वायरस महामारी के दौरान राज्य सरकार की विभिन्न कल्याण योजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महामारी के दौरान छह लाख से अधिक उत्तराखंडी विभिन्न राज्यों से अपने घर वापस आए हैं।

### माउंटेन टैरेन बाइकिंग रैली का सीएम ने फ्लैग ऑफ कर किया शुभारम्भ

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने रविवार को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद द्वारा आयोजित माउंटेन टैरेन बाइकिंग रैली का फ्लैग ऑफ कर शुभारम्भ किया। राज्य के 21वें वर्ष में प्रवेश के लिए सभी को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य भौगोलिक विषमताओं से भरा प्रदेश है, जिसमें साहसिक खेलों की बहुत अधिक संभावनाएं हैं। प्रदेश में साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने प्रदेश में अलग से विभाग बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सीएम आवास से जॉर्ज एवरेस्ट तक की यह साइकिल रैली, एक साहसिक यात्रा एडवेंचर से भरपूर होगी। मुख्यमंत्री ने माउंटेन बाइकिंग रैली में 13 महिलाओं के प्रतिभाग करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे साहसिक खेलों के प्रति अन्य महिलाएं भी जागरूक होंगी।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+






Scan This Code

Read News

Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।